# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092**

**सत्र: 2025-2026**

**कक्षा-दसवीं** **विषय- हिंदी** **कार्यपत्रिका-1**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखिए।**

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय हैं- प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक ने विद्यालय छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह संदेश दिया था- तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

**(क) मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं-**

(i) निर्भीकता, साहस, परिश्रम

(ii) परिश्रम, लगन, आत्मविश्वास

(iii) साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम

(iv) परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति व लगन

**(ख) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**कथन (A) :** प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित होती है।

**कारण (R) :** सफलता सदैव मनुष्य को निराश करती है।

(i) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत हैं।

(ii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(iii) कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।

(iv) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

**(ग) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

(I) जीवन की समस्याएँ हमें कमजोर बना देती हैं।

(II) हमारी दृढ़ता और मनोबल ही हमें सफल बनाते हैं।

(III) संघर्षों से डरना आवश्यक है।

(IV) महापुरुषों के अनुभवों से सीख लेनी चाहिए।

**गद्यांश के आधार पर कौन-सा कथन/से कथन सही है/हैं?**

(i) केवल II (ii) केवल III (iii) I और III
(iv) II और IV

(घ) संघर्ष के मार्ग पर अकेला क्यों चलना पड़ता है?

(ङ) समस्त ग्रन्थों और अनुभवों का निष्कर्ष क्या है?

**2. निम्नलिखित वाक्यों में से रेखांकित शब्दों के पदबंध बताइए।**

i. अपने सामने एक सुंदर युवक को देखकर वह विस्मित हुई।

ii. सुलेमान उनकी बातें सुनकर थोड़ी दूरी पर रुक गए।

iii. व्यवहारवादी लोग हमेशा सजग रहते हैं।

iv. बगल के एक कमरे में जाकर कुछ बर्तन ले आया।

v. ठाकुरबाड़ी के नाम पर बीस बीघा खेत है।